# राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान

## National Institute of Plant Health Management, Hyderabad

**(भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन)**

***विज्ञापन संख्या. 01 / 2024***

**अ. राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। वेतन एवं पदों की संख्या निम्नलिखित है:**

| क्र.सं | पद का नाम | सीधी भर्ती / प्रतिनियुक्ति | पदों की संख्या | वर्ग | रोस्टर के अनुसार सीधी भर्ती के लिए आरक्षण | वेतनमान/वेतन मैट्रिक्स में वेतनमान (सातवां सीपीसी) | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **वित्त सलाहकार** | **सीधी भर्ती / प्रतिनियुक्ति** | 01 | A | अनारक्षित / UR | स्तर-11 रू.67,700 – 2,08,700 | रोजगार समाचार में प्रकाशन की तारीख से 30 दिन. उचित माध्यम से भेजे गए सेवारत अभ्यर्थियों के लिए आवेदनों की अंतिम तिथि रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशन की तारीख से 40 दिन होगी। |
| 2 | **माली** | **सीधी भर्ती** | 01 | C | अनारक्षित / UR | स्तर-1 रू.18,000 – 56,900 | |
| 3 | **मल्टी टास्किंग स्टाफ (श्रेणी-III)** | **सीधी भर्ती** | 02 | C | 1- EWS / ईडब्ल्यूएस ; 1- SC/ अनुसूचित जाति | स्तर-1 रू.18,000 – 56,900 | |

*** प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थी के लिए आरक्षण का नियम लागू नहीं होता है।**

शैक्षिक अर्हताएं, अनुभव, आयु और अन्य पात्रता मानदंड, आवेदन प्रपत्र आदि का विवरण वेबसाईट http://niphm.gov.in पर देख सकते हैं।

**Sd/-**
**रजिस्ट्रार**

## आ. सीधी भर्ती या प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण के लिए अर्हताएं और अनुभव:

**QUALIFICATIONS & EXPERIENCE FOR DIRECT RECRUITMENT OR TRANSFER ON DEPUTATION:**

| | | |
|---|---|---|
| **1** | **पद का नाम** | **वित्त सलाहकार** |
| | **भर्ती का तरीका** | **सीधी भर्ती / प्रतिनियुक्ति** |
| | **आयु सीमा** | i. *सीधी भर्ती के लिए 50 वर्ष तक*<br>ii. *प्रतिनियुक्तिकर्ताओं के मामले में 55 वर्ष तक* |
| | **अर्हताएं एवं अनुभव :** | **1. आवश्यक अर्हताएं :**<br>**1.1 शैक्षणिक अर्हताएं :**<br>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से उच्च द्वितीय श्रेणी (57% या अधिक) स्नातक डिग्री।<br>**1.2 अनुभव:**<br>अ) लेखा कार्य में 15 वर्ष का अनुभव, जिसमें जिम्मेदार पर्यवेक्षी / प्रशासनिक पद पर कार्य करते हुए:<br>i) वेतन मैट्रिक्स लेवल - 9 या 10 (7वां सीपीसी) अर्थात 6 सीपीसी के अनुसार ग्रेड वेतन रू.5,400/- वाले पद पर तीन वर्ष से कार्यरत।<br>**(अथवा)**<br>ii) वेतन मैट्रिक्स लेवल - 7 (7वां सीपीसी) अर्थात 6 सीपीसी के अनुसार ग्रेड वेतन रू.4,600/- वाले पद पर सात वर्ष से कार्यरत।<br>**(अथवा)**<br>iii) वेतन मैट्रिक्स लेवल - 6 (7वां सीपीसी) अर्थात 6 सीपीसी के अनुसार ग्रेड वेतन रू.4,200/- वाले पद पर दस वर्ष से कार्यरत।<br><br>**अथवा**<br>आ) योग्य चार्टर्ड अकाउंटेंट जिसके पास इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सदस्यता हो या योग्य लागत प्रबंधन अकाउंटेंट जिसके पास इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सदस्यता हो और सरकारी विभाग/स्वायत्त संगठन में 3 वर्ष का अनुभव हो।<br><br>*उच्च मेधावी अभ्यर्थी के मामले में महानिदेशक द्वारा उपर्युक्त बताए गए न्यूनतम कार्य अनुभव में छूट दी जा सकती है, यदि वे पद के लिए उपयुक्त हों।*<br><br>**2. वांछनीय अर्हताएं :**<br>अभ्यर्थी को बजट तैयारी, लेखों और लेखापरीक्षा से संबंधित सरकारी नियमों एवं विनियमों/कार्यालय प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी / संबंधित ज्ञान होना चाहिए।<br><br>**प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण :**<br>अ) केंद्र/राज्य सरकार/विश्वविद्यालय/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान/पीएसयू/वैधानिक बोर्ड या केंद्र/राज्य सरकार के स्वायत्त संगठनों के अधीन व्यक्ति।<br>i) नियमित आधार पर समतुल्य पद धारित **(अथवा)**<br>ii) वेतन मैट्रिक्स लेवल - 9 या 10 (7वां सीपीसी) अर्थात 6 सीपीसी के अनुसार ग्रेड वेतन रू.5,400/- वाले पद पर तीन वर्ष से कार्यरत।<br>**(अथवा)**<br>iii) वेतन मैट्रिक्स लेवल - 7 (7वां सीपीसी) अर्थात 6 सीपीसी के अनुसार ग्रेड वेतन रू.4,600/- वाले पद पर सात वर्ष से कार्यरत।<br>**(अथवा)**<br>iv) वेतन मैट्रिक्स लेवल - 6 (7वां सीपीसी) अर्थात 6 सीपीसी के अनुसार ग्रेड वेतन रू.4,200/- वाले पद पर दस वर्ष से कार्यरत। |

| | | |
|---|---|---|
| | | **और**<br>आ) ऊपर उल्लिखित आवश्यक अर्हताएं रखते हुए<br><br>*उच्च मेधावी अभ्यर्थी के मामले में महानिदेशक द्वारा उपर्युक्त बताए गए न्यूनतम कार्य अनुभव में छूट दी जा सकती है, यदि वे पद के लिए उपयुक्त हों।* |
| **2** | **पद का नाम** | **माली** |
| | **भर्ती का तरीका** | *सीधी भर्ती* |
| | **आयु सीमा** | *18-27 वर्ष* |
| | **अर्हताएं एवं अनुभव :** | **1. आवश्यक अर्हताएं :**<br>**शैक्षणिक अर्हताएं :**<br>• मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मैट्रिकुलेशन एवं बागवानी में न्यूनतम 2 वर्ष का डिप्लोमा<br>**2. वांछनीय अर्हताएं :**<br>• बागवानी, भूदृश्य और कृषि क्षेत्र संचालन में सर्टिफिकेट कोर्स। |
| **3** | **पद का नाम** | **मल्टी टास्किंग स्टाफ (श्रेणी-III)** |
| | **भर्ती का तरीका** | *सीधी भर्ती* |
| | **आयु सीमा** | *18-27 वर्ष* |
| | **अर्हताएं एवं अनुभव :** | **आवश्यक अर्हताएं:**<br>एमटीएस (श्रेणी-III) के लिए आवश्यक<br>(सफाई, झाड़-पोंछा कराना, चपरासी/परिचारक कार्य के लिए)<br>मैट्रिकुलेशन या समकक्ष उत्तीर्ण |

**नोट :**

1. **प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण का नियम लागू नहीं है।**
2. **आवश्यक योग्यताओं के लिए सहायक दस्तावेज़ अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाना चाहिए।**
3. **चयन के समय शॉर्टलिस्टिंग या टाई होने की स्थिति में वांछनीय योग्यता एवं अनुभव को शामिल किया जाएगा।**

**इ. आयु सीमा:**

i. आरक्षित श्रेणियों जैसे एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिक आदि के संबंध में आयु सीमा में छूट भारत सरकार के दिशानिर्देशों/आदेशों के अनुसार दी जाएगी। आयु सीमा की गणना आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के आधार पर की जाएगी। पदों के लिए अभ्यर्थियों की आयु सीमा निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिन होगी।

**आयु सीमा में निर्देशात्मक छूट**

| श्रेणी | आयु में छूट की सीमा |
|---|---|
| अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति | केवल आरक्षित पदों के लिए 5 वर्ष। |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | केवल आरक्षित पदों के लिए 3 वर्ष। |
| दिव्यांग अभ्यर्थी कम से कम 40% विकलांगता के साथ | ग्रुप सी पदों पर सीधी भर्ती के मामले में 10 वर्ष (एससी / एसटी के लिए 15 वर्ष, ओबीसी के लिए 13 वर्ष)।<br>ग्रुप ए और बी पदों पर सीधी भर्ती के मामले में 5 वर्ष (एससी / एसटी के लिए 10 वर्ष और ओबीसी के लिए 8 वर्ष)।<br>आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होने के अधीन। |
| केंद्र / राज्य सरकार के कर्मचारी | 5 वर्ष तक (भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार)<br>(अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों के लिए 10 वर्ष और उनके लिए आरक्षित पदों के संबंध में ओबीसी से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए 8 वर्ष) |

| | |
|---|---|
| भूतपूर्व सैनिक या कोई अन्य श्रेणी | भारत सरकार के नियमों के अनुसार। |

ii. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियों के संबंध में आयु सीमा में छूट दी गई है। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु में छूट का दावा करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र की प्रति भेजी जानी चाहिए।

iii. **अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)** यदि आप 'क्रीमी लेयर' से संबंधित हैं, तो आप ओबीसी के लिए आरक्षित पदों पर विचार करने के पात्र नहीं हैं और इसलिए आप अनारक्षित पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। ओबीसी प्रमाण पत्र विज्ञापन में बताए अनुसार आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के 2 (दो) वर्षों के भीतर जारी किया जाना चाहिए। यदि आप ओबीसी का दावा करते हैं और वैध ओबीसी प्रमाणपत्र (भारत सरकार के प्रारूप में) के अलावा बीसी/एमबीसी या कोई अन्य प्रमाण पत्र संलग्न करते हैं, तो आपका आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

iv. **दिव्यांग के लिए / For PwD:** दिव्यांग व्यक्तियों को आयु में छूट इस बात पर ध्यान दिए बिना स्वीकार्य होगी कि पद विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित है या नहीं, बशर्ते पद की विकलांगता की संबंधित श्रेणी के लिए उपयुक्त पहचान की गई हो।

व्यक्ति जो दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) के तहत आयु रियायत का लाभ लेना चाहता है, उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र जमा करना होगा। यदि विकलांग व्यक्ति केंद्र सरकार का कर्मचारी होने के कारण उम्र में छूट पाने का हकदार है, उसे या तो 'विकलांग व्यक्ति' के रूप में या 'केन्द्र सरकार के कर्मचारी' के रूप में, जो भी उसके लिए अधिक लाभकारी हो, स्वीकार्य होगा।

शारीरिक रूप से विकलांग प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी केंद्र या राज्य सरकार द्वारा विधिवत गठित एक मेडिकल बोर्ड होगा। केंद्र/राज्य सरकार कम से कम तीन सदस्यों वाले मेडिकल बोर्ड का गठन कर सकती है, जिनमें से कम से कम एक लोकोमोटर/1सेरेब्रल/दृश्य/श्रवण अक्षमता, जैसा भी मामला हो, का आकलन करने के लिए विशेष क्षेत्र का विशेषज्ञ होगा। आयु में छूट के उद्देश्य से विकलांगों की विभिन्न श्रेणियों की परिभाषा वही होगी जो कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 29 दिसंबर, 2005 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36035/3/2004-स्था.(आरक्षण) में दी गई है या समय-समय पर संशोधित की गई है।

v. **केन्द्र सरकार / एनआईपीएचएम कर्मचारियों के लिए**: कर्मचारी केंद्र सरकार/एनआईपीएचएम कर्मचारी की श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले और आयु में छूट की मांग करने वाले अभ्यार्थियों को विज्ञापन की तारीख के बाद अपने मूल कार्यालय से कार्यालय पत्र शीर्ष पर इस आशय का जारी किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह नियमित रूप से नियुक्त केंद्र सरकार के कर्मचारी / एनआईपीएचएम कर्मचारी जो कि वे/वह सरकारी कार्यालय में 3 वर्ष से अधिक समय तक लगातार कार्यरत एक नियमित रूप से नियुक्त केंद्र सरकार के कर्मचारी है, न कि साधारण/तदर्थ/दैनिक वेतन/प्रति घंटा भुगतान/अनुबंध आधार पर कर्मचारी।

आयु में छूट उन सरकारी कर्मचारी के लिए स्वीकार्य होगी जो पदों पर कार्यरत हैं जो समान श्रेणी या संबद्ध संवर्गों में हैं और जहां एक संबंध स्थापित किया जा सकता है कि किसी विशेष पद पर पहले से किए गये कार्य विज्ञापित पद (पदों) की भर्ती के कर्तव्यों के कुशल निर्वहन के लिए उपयोगी होगी।

**ई. अंतिम तिथि :**

एनआईपीएचएम में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार पत्र में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन होगी। जो लोग सरकारी कर्मचारी / एनआईपीएचएम में कार्यरत हैं, उन्हें अपना आवेदन रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशन की तारीख से 40 दिनों के भीतर उचित माध्यम से अग्रेषित करना चाहिए।

**उ. "उचित माध्यम से" आवेदनों को अग्रेषित करना**

क. आवेदक/अभ्यर्थी द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उसका आवेदन (उचित माध्यम से), जैसा कि उसके मूल कार्यालय द्वारा अग्रेषित किया गया है, निर्धारित तिथि तक एनआईपीएचएम कार्यालय पहुंच जाता है।

ख. अभ्यर्थी, जो प्रतिनियुक्ति/विदेश सेवा पर कार्यरत है, उन्हें भी अपना आवेदन उचित माध्यम से उस कार्यालय के माध्यम से अग्रेषित करवाना चाहिए जिसमें वह प्रतिनियुक्ति/विदेश सेवा पर है, इसके अलावा उसे उसके मूल कार्यालय / विभाग द्वारा अग्रेषित किया जाना चाहिए।

ग. आवेदन उचित माध्यम से निम्नलिखित दस्तावेजों सहित अनिवार्य रूप से संलग्न होने चाहिए:

I. अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में दर्शाए गए सेवा का विवरण
II. सतर्कता निष्पादन प्रमाण पत्र
III. पिछले दस वर्षों या सेवा अवधि के दौरान लगाए गए बड़े/छोटे दंड, यदि कोई हो, का विवरण
IV. पिछले 5 वर्षों या सेवा अवधि के लिए एएआर/एसीआर/एपीएआर ग्रेडिंग की फोटोकॉपी, जो भी अधिक हो

**ऊ. शुल्क:**

विभिन्न पदों के लिए आवेदन जमा करने वाले अभ्यार्थियों को एनआईपीएचएम को निम्नानुसार अप्रतिदेय आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा:

अ. केवल ग्रुप ए के पदों के लिए: अनारक्षित वर्ग (UR) के लिए रु.590/- रुपये और ओबीसी वर्ग के लिए रु.354/-
आ. केवल ग्रुप सी पदों के लिए: अनारक्षित वर्ग (UR) के लिए रु.295/- और ओबीसी वर्ग के लिए रु.177/-

**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से संबंधित अभ्यार्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।**

**नोट-I:** शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के रूप में या कार्यालय में ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से होना चाहिए और आवेदन के साथ भुगतान रसीद अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। ऑनलाइन मोड के माध्यम से भुगतान निम्नलिखित खाते में किया जा सकता है।

**एनआईपीएचएम एसबीआई खाता विवरण :**

| | |
|---|---|
| खाता संख्या : | 40373518076 |
| पता: | राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान, राजेंद्रनगर, हैदराबाद, तेलंगाना 500030 |
| शाखा : | राजेंद्रनगर शाखा, हैदराबाद (20074) |
| आईएफएससी कोड: | SBIN0020074 |

**नोट -II:** निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन न करने वाले आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा/स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**नोट -III:** डिमांड ड्राफ्ट/ऑनलाइन भुगतान मोड के लिए लेनदेन शुल्क संभवतः अभ्यर्थी को वहन करना होगा।

**नोट -IV:** एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही शुल्क को किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए आरक्षित रखा जा सकता है।

**नोट –V:** आवेदन शुल्क का भुगतान प्रत्येक पद (पोस्ट वार) के लिए अलग से किया जाएगा।

**नोट -VI:** आवेदन शुल्क में 18% जीएसटी शामिल है

**नोट-VII:** डिमांड ड्राफ्ट राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान के नाम, हैदराबाद में देय होना चाहिए। सेवारत अभ्यर्थी आवेदन की अग्रिम प्रति के साथ डिमांड ड्राफ्ट भेज सकते हैं।

**ए. संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज :**

i. जन्म तिथि, एसएससी, इंटरमीडिएट, स्नातक, स्नातकोत्तर, डॉक्टरेट डिग्री प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रतियों को अनिवार्य रूप से संलग्न की जानी चाहिए।
ii. ऐसे अन्य दस्तावेज/प्रमाण पत्र जो विज्ञापन और पद की आवश्यकताओं के अनुसार संलग्न किया जाना आवश्यक हैं।
iii. आवेदन पत्र में उपयुक्त स्थान पर फोटो लगाए।
iv. आवेदक को अपना नाम, आवेदन किए गए पद का नाम और विज्ञापन संख्या का उल्लेख करना चाहिए। लिफाफे के शीर्ष पर सभी निर्धारित अनुलग्नकों के साथ उसका आवेदन पत्र होगा।
v. दावा की गई सभी शैक्षणिक योग्यताएं किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए।

vi. आवेदन सरासरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा यदि - क) प्रमाण पत्र संलग्न हैं, लेकिन कॉलम नहीं भरा गया है; या ख) कॉलम भरा हुआ है लेकिन प्रमाण पत्र संलग्न नहीं हैं। नियुक्ति पत्र, वेतन पर्ची, कार्यालय ज्ञापन, कार्यालय आदेश, कार्य ग्रहण रिपोर्ट, या ऐसा कोई भी दस्तावेज ज्ञान या अनुभव के समर्थन में दस्तावेज के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ज्ञान और अनुभव के समर्थन में प्रमाण पत्र उचित प्रारूप में होना चाहिए अर्थात संगठन के पत्र शीर्ष; जारी करने की तिथि; कार्य की भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों सहित कार्य की अवधि निर्दिष्ट करें; स्पष्ट रूप से कार्य की प्रकृति, वेतनमान और ग्रेड वेतन के साथ आहरित वेतन, यदि कोई हो, बताते हुए; हस्ताक्षर आदि के साथ जारी करने वाले प्राधिकारी का नाम और पदनाम होना चाहिए।

**ऐ. आवेदन की अस्वीकृति :**

निम्नलिखित आवेदन बिना किसी सूचना के अस्वीकृत किए जा सकते हैं :

क. आवेदन निर्धारित प्रारूप में नहीं हैं।

ख. अभ्यर्थी के मूल कार्यालय द्वारा भेजा जाने वाला आवेदन 'उचित माध्यम से' (टीपीसी) निर्धारित समय के भीतर प्राप्त नहीं हुआ है।

ग. आवेदन उचित माध्यम से समय पर प्राप्त हुए लेकिन अपेक्षित विवरण के साथ विभाग प्रमुख द्वारा विधिवत प्रमाणित नहीं किए गए है।

घ. अभ्यर्थी जो प्रतिनियुक्ति/विदेश सेवा पर है उसका आवेदन 'उचित माध्यम से' (i) उस कार्यालय द्वारा अग्रेषित किया जाना चाहिए जिसमें वह प्रतिनियुक्ति/विदेश सेवा पर है, और (ii) उसके मूल विभाग द्वारा।

ङ. जबकि कुछ अभ्यर्थी, आवेदन पत्र में दिए गए स्थान में जानकारी प्रस्तुत करने के बजाय, इसे संलग्नक में प्रस्तुत करने का सहारा लेते हैं, कुछ अन्य अभ्यर्थी निर्धारित दस्तावेजों के अतिरिक्त अनावश्यक और अवांछित दस्तावेजों को आवेदन पत्र के साथ संलग्न करते हैं, जो आवेदन को भारी और बोझल बनाता है। इसलिए, जिन आवेदनों में यह पाया जाता है कि आवेदन पत्र में दस्तावेज संलग्न किए बिना भेजने पर या आवेदन पत्र में दावा किए गए दस्तावेजों के अलावा अन्य दस्तावेजों के साथ पाए जाने वाले आवेदनों को बिना किसी सूचना के अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

च. आवेदन के साथ निर्धारित शुल्क के डिमांड ड्राफ्ट / ऑनलाइन भुगतान रसीद न होने पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

**ओ. सामान्य नियम एवं शर्तें :**

1. अभ्यर्थी भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. निर्धारित आवश्यक योग्यताएं न्यूनतम हैं और केवल इसके होने से अभ्यर्थी लिखित परीक्षा और/या साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के हकदार नहीं हो जाते हैं। सभी आवेदकों को विज्ञापन में निर्धारित पद की अनिवार्य आवश्यकताओं और अन्य शर्तों को पूरा करना होगा। उन्हें सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले स्वयं संतुष्टी कर लें कि उनके पास विभिन्न पदों के लिए निर्धारित अनिवार्य योग्यताएं एवं अनुभव हैं। योग्यता के बारे में सलाह मांगने वाली किसी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी, जो यूजीसी/आईसीएआर वेतनमान प्राप्त कर रहे हैं, और ग्रेड पे सुरक्षा का चयन कर रहे हैं, वे प्रशिक्षण भत्ते के हकदार नहीं होंगे।
4. सामान्य छूट: "संस्थान द्वारा असाधारण मामलों में आयु और योग्यता में छूट दी जा सकती है"।
5. वे अभ्यर्थी जो विज्ञापित पद की तुलना में उच्च वेतनमान पर कार्यरत अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर सकते हैं।
6. कृपया निर्धारित आवेदन प्रोफार्मा डाउनलोड करने के लिए एनआईपीएचएम की वेबसाइट http://niphm.gov.in देखें। विज्ञापित प्रत्येक पद के लिए संलग्नकों और शुल्क के साथ अलग आवेदन भरना होगा।
7. अभ्यर्थी को आवेदन शुल्क का भुगतान राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान, हैदराबाद को देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से या ऑनलाइन भुगतान मोड के माध्यम से करना चाहिए।
8. आवेदन निर्धारित प्रोफार्मा में मूल डिमांड ड्राफ्ट के साथ (केन्द्र/राज्य सरकारों/विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों/पीएसयू/सांविधिक अर्ध-सरकारों या स्वायत्त संगठनों के अभ्यर्थी के मामले में उचित माध्यम से) मुहरबंद लिफाफे में जिस पर **"..................... पद के लिए आवेदन"** लिखा होना चाहिए, **रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर शाम 5.30 बजे तक, राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान, राजेंद्रनगर, हैदराबाद 500 030, तेलंगाना तक पहुंच जाना चाहिए। विदेश/अधिसूचित दूरस्थ क्षेत्रों से पोस्ट करने वाले अभ्यर्थी के लिए हार्ड कॉपी को रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिनों के भीतर भेज सकते है।** सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारी को उचित माध्यम से ही भेजना चाहिए। यदि विभागाध्यक्ष से अनापत्ति प्राप्त करने में समय लगता है तो आवेदन की एक

अग्रिम प्रति अंतिम तिथि को या उससे पहले भेजी जा सकते है। हालांकि उचित माध्यम से आवेदन जांच के समय तक एनआईपीएचएम पहुंच जाना चाहिए, अन्यथा अग्रिम प्रति पर विचार नहीं किया जाएगा।

9. अभ्यर्थी को उनके द्वारा आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि जानकारी सही है। यदि बाद के किसी चरण में या लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय उनके द्वारा दी गई कोई जानकारी या किया गया कोई दावा गलत पाया जाता है, तो उनका आवेदन अस्वीकृत कर दी जाएगी और उन्हें स्थायी रूप से हटा दिया जाएगा।
10. निर्धारित आवश्यक योग्यताएं न्यूनतम हैं और उनके पास होने से अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के हकदार नहीं हो जाते। ऊपर उल्लिखित आवश्यक और वांछनीय योग्यताओं के 'समकक्ष' के रूप में योग्यताओं पर विचार करना आवेदनों की जांच के लिए गठित संबंधित समिति के विवेक पर होगा।
11. आवेदनों की संख्या अधिक होने की स्थिति में :

    अ) एनआईपीएचएम के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुशंसित और तय किए गए उचित मानदंडों (समान रूप से लागू) को अपनाकर अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/पीपीटी/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों को उचित संख्या तक सीमित करने का अधिकार सुरक्षित है। इन मानदंडों में वांछनीय योग्यता और/या विज्ञापन में निर्धारित से अधिक अनुभव और/या विभाग की विशिष्ट आवश्यकता के अनुसार किसी विशेष क्षेत्र में योग्यता/अनुभव शामिल हो सकते हैं। चूंकि अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने के मानदंड को न्यूनतम पात्रता मानदंड से ऊपर उठाया जा सकता है, इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी पूरी शैक्षणिक योग्यता और/या अनुभव भरें और साथ ही अपनी योग्यता के समर्थन में कोई अतिरिक्त दस्तावेज जैसे शोध पत्रों की सूची आदि संलग्न करें।

    आ) एनआईपीएचएम के पास चयन प्रक्रिया से पहले या बाद में या चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में आवेदनों की जांच निर्धारित करने का विवेकाधिकार होगा।

12. संस्थान किसी भी या सभी विज्ञापित पदों को नहीं भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है, बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर विज्ञापन को पूर्ण या आंशिक रूप से रद्द कर सकता है और इस संबंध में संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।
13. चयन की प्रक्रिया में किसी असावधानीवश गलती के मामले में, जो नियुक्ति के प्रस्ताव के जारी होने के बाद भी किसी भी स्तर पर पता चल सकती है, संस्थान अभ्यर्थी से किए गए किसी भी सूचना को वापस लेने / रद्द करने / संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
14. आवेदनों की जांच के संबंध में किसी भी विवाद के मामले में महानिदेशक, एनआईपीएचएम का निर्णय अंतिम होगा।
15. प्रतिनियुक्तियों के मामले में आरक्षण का नियम लागू नहीं होता है। हालांकि, उपलब्धता के अधीन, आरक्षित श्रेणियों से संबंधित पात्र अभ्यर्थी को लागू नियमों के अनुसार विधिवत विचार किया जाएगा।
16. सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू चिकित्सा सुविधाओं को प्रतिनियुक्ति पर लागू किया जाएगा।
17. सीधी भर्ती के मामले में चयनित अभ्यर्थी को नई पेंशन योजना, 2004 भारत सरकार द्वारा लागू किया जाएगा।
18. सीधी भर्ती के लिए परिवीक्षा अवधि लागू नियमों के अनुसार दो वर्ष होगी।
19. अभ्यर्थी की नियुक्ति सिविल सर्जन/जिला चिकित्सा अधिकारी/स्थायी चिकित्सा बोर्ड से निर्धारित चिकित्सा फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करने के अधीन होगी।
20. **गैर-चयनित या गैर-चयनित अभ्यर्थी के साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।**
21. किसी भी रूप में उल्लंघन स्वीकार नहीं किया जाएगा और इससे अभ्यर्थी की अयोग्यता का कारण बन जाएगा।
22. संस्थान के खिलाफ किसी भी विवाद / मूकदमा या कानूनी कार्यवाही के मामले में, क्षेत्राधिकार हैदराबाद के न्यायालयों तक ही सीमित होगा।
23. अभ्यर्थी को चेतावनी दी जाती है कि वे आवेदन पत्र भरते समय ऐसा कोई विवरण न दें जो गलत हो या किसी महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाएं। अभ्यर्थी को यह भी चेतावनी दी जाती है कि वे किसी भी स्थिति में किसी दस्तावेज़ में किसी प्रविष्टि या उनके द्वारा प्रस्तुत की गई साक्ष्यांकित/प्रमाणित प्रति में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न करें और न ही छेड़छाड़/जाली दस्तावेज़ प्रस्तुत करें। यदि दो या दो से अधिक ऐसे दस्तावेजों या उनकी प्रमाणित/प्रमाणित प्रतियों के बीच कोई अशुद्धि या कोई विसंगति है, तो इस विसंगति के संबंध में एक स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
24. रिक्तियां सांकेतिक हैं एवं वास्तविक के अनुसार भिन्न हो सकती हैं।
25. अधूरे/अमान्य आवेदन- यदि कोई कॉलम अधूरा छोड़ दिया जाता है या अभ्यर्थी के समर्थन में पर्याप्त प्रमाण पत्र/दस्तावेज जमा करने में कमी के कारण आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

26. **कोई अंतरिम पत्राचार नहीं: डाक विलंब, परीक्षा/साक्षात्कार के आयोजन और परिणाम एवं परीक्षा/साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाए जाने के कारणों के संबंध में अभ्यर्थी से किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा और उसका उत्तर नहीं दिया जाएगा।**
27. संस्थान किसी भी डाक विलंब के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि विज्ञापन में यथा उल्लिखित है।
28. अंग्रेजी एवं हिंदी संस्करण में किसी भी विसंगति के मामले में, अंग्रेजी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।
29. लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए आवेदकों / अभ्यर्थी की शॉर्टलिस्टिंग से कोई आश्वासन नहीं मिलता है कि उनका चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति आदेश एनआईपीएचएम द्वारा जारी किया जाएगा।
30. वांछनीय योग्यता वाले अभ्यर्थी को वरीयता तभी दी जाएगी जब अंतिम चयन में टाई हो।
31. एनआईपीएचएम भर्ती प्रक्रिया पूरी होने यानी चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति प्रस्ताव जारी होने के बाद केवल छह महीने की अवधि के लिए गैर-शॉर्टलिस्टेड अभ्यर्थी से प्राप्त आवेदनों का डेटा बनाए रखेगा।

## औ. चयन प्रक्रिया

| क्र.सं. | पद का नाम | प्रक्रिया |
|---|---|---|
| 1 | वित्त सलाहकार | लिखित परीक्षा (50 अंक) और साक्षात्कार (50 अंक) |
| 2 | माली | लिखित परीक्षा (100 अंक) और कौशल परीक्षा (50 अंक) |
| 3 | मल्टी टास्किंग स्टाफ (श्रेणी-III) | लिखित परीक्षा (100 अंक) और कौशल परीक्षा (50 अंक) |

**नोट :**

**1. लिखित परीक्षा के लिए योग्यता प्रतिशत 40% होगा।**

**2. कौशल परीक्षा दिनांक 29.12.2015 के का.ज्ञा संख्या 39020/01/2013/स्था.(बी)-भाग, डीओपीटी द्वारा जारी और समय-समय पर जारी किए गए अन्य निर्देशों के आधार पर आयोजित की जाएगी। कौशल परीक्षा क्वालीफाइंग प्रकृति की होगी। कौशल परीक्षण के लिए योग्यता प्रतिशत 45% होगा।**

## अं. पदों के कर्तव्य

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **वित्त सलाहकार** | वित्त सलाहकार संस्थान के वित्तीय प्रबंधन में महानिदेशक की सहायता करेगा। वह संस्थान की प्राप्तियों, भुगतानों, भविष्य निधि, निवेश, बजट, लेखापरीक्षा एवं संबद्ध मामलों के सभी लेखांकन का प्रभारी होगा। वह विशेष रूप से –<br>1 प्रत्यायोजित शक्तियों के क्षेत्र में आने वाले सभी मामलों पर महानिदेशक को सलाह देना;<br>2 धन के आवंटन एवं उपयोग को नियंत्रित करने वाले वित्त नियंत्रण की एक प्रणाली स्थापित करना और बनाए रखना;<br>3 योजनाओं के बनाने एवं महत्वपूर्ण व्यय और आय प्रस्तावों के प्रारंभिक चरण से ही स्वयं को निकटता से निरीक्षण करना;<br>4 परियोजनाओं और अन्य जारी योजनाओं के मामले में प्रगति/प्रदर्शन के मूल्यांकन के साथ खुद को जोड़ें और देखें कि ऐसे मूल्यांकन अध्ययनों के परिणाम को बजट निर्माण में उचित रूप से ध्यान में रखा जाता है;<br>5 लेखा परीक्षा (ऑडिट) आपत्तियां, निरीक्षण रिपोर्ट आदि का निपटान देखना।<br>6 प्रभावी आंतरिक लेखापरीक्षा का आयोजन करना;<br>अ) लेखो एवं अन्य आधार अभिलेखों में सटीकता सुनिश्चित करना;<br>आ) वित्तीय प्रभाव वाली प्रणालियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करना, लागत कम करना, दक्षता को बढ़ावा देना और संस्थान के हितों की रक्षा करना।<br>7. वित्त सलाहकार महानिदेशक द्वारा नामित ऐसा अधिकारी है जो धन के पुनर्विनियोजन के प्रत्येक मामले कि जांच कर महानिदेशक को सलाह देगा।<br>8. संस्थान की स्थापना के लिए आहरण एवं संवितरण अधिकारी के रूप में कार्य करना।<br>वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौंपे गए कोई अन्य कर्तव्य। |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | **माली** | 1. क्यारियों की खुदाई, ट्रेंचिंग और रख-रखाव करना।<br>2. बगीचे, नर्सरी और पॉलीहाउस का रखरखाव और विकास करना।<br>3. मूलभूत रखरखाव करें जैसे घास काटना, डिब्बे खाली करना, खरपतवार नियंत्रण और पत्तों को तोड़ना।<br>4. पेड़ एवं विभिन्न पौधे लगाएं और उनका पालन-पोषण करना।<br>5. हाथ के औजारों और मूल हल्की मशीनरी के साथ काम करना।<br>6. बगीचे और मैदानों से कूड़ा-कचरा साफ करके एक स्वच्छ उद्यान बनाए रखना।<br>7. लॉन का रखरखाव करना।<br>8. फल/सजावटी वृक्षों का प्रचार-प्रसार एवं नर्सरी का रख-रखाव करना।<br>9. समय-समय पर सौंपे गये अन्य कर्तव्य। |
| 4. | **मल्टी टास्किंग स्टाफ (श्रेणी-III)** | 1. अनुभाग के रिकार्ड का भौतिक रखरखाव करना।<br>2. अनुभाग/इकाई की सामान्य सफाई और रखरखाव करना।<br>3. भवन के भीतर फाइलें और अन्य कागज ले जाना<br>4. फोटोकॉपी करना, फैक्स भेजना आदि।<br>5. अनुभाग/इकाई में अन्य गैर-लिपिकीय कार्य करना।<br>6. कंप्यूटर सहित नियमित कार्यालय कार्य जैसे डायरी, डिस्पैच आदि में सहायता करना।<br>7. DAK पत्रों का वितरण (भवन के बाहर)<br>8. निगरानी एवं वार्ड संबंधी कर्तव्य<br>9. कमरों कों खोलना एवं बंद करना।<br>10. कमरों की सफ़ाई करना।<br>11. फर्नीचर, भवन, फिक्स्चर आदि की धूल झाड़ना।<br>12. वैध ड्राइविंग लाइसेंस लेकर वाहन चलाना।<br>13. पार्क, लॉन, गमले में लगे पौधों आदि का रखरखाव करना।<br>14. जहां भी आवश्यक हो, प्रयोगशाला या क्षेत्र में तकनीकी कर्मचारियों/अधिकारियों की सहायता करना।<br>15. कार्यशाला में तकनीकी कर्मचारियों/अधिकारियों की सहायता करना, कार्यालय के वाहन/मशीनरी की सफाई करना।<br>16. वरिष्ठ प्राधिकारी द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य। |

**अ:. सांकेतिक पाठ्यक्रम (लागू होने के अनुसार) :**

| क्र.सं. | पद का नाम | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | **वित्त सलाहकार** | 1. जीएफआर नियम<br>2. लेखांकन मानक<br>3. केंद्र सरकार एफआर एवं एसआर नियम<br>4. सभी प्रासंगिक कर कानून<br>5. सीवीसी दिशानिर्देश<br>6. सरकारी में निविदा प्रक्रिया<br>7. वित्तीय शक्ति का प्रत्यायोजन नियम |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | **माली** | ***लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम:***<br>1. नर्सरी प्रबंधन और पौध सामग्री का प्रसार<br>2. सजावटी बागवानी और लैंडस्केप वास्तुकला<br>3. वाणिज्यिक पुष्पकृषि<br>4. सजावटी बागवानी<br>5. बाग की स्थापना<br>6. छंटाई और प्रशिक्षण<br>7. गड्ढे खोदना एवं भरना<br>8. पादप वृद्धि नियामक<br>9. जैविक खेती<br>10. खरपतवार प्रबंधन<br><br>***ट्रेड / कौशल परीक्षा:***<br>1. वनस्पति की पहचान<br>2. पादप प्रसार विधियाँ/तकनीकें<br>3. खरपतवार प्रबंधन<br>4. सजावटी पौधों का पीड़क एवं रोग प्रबंधन<br>5. लॉन रखरखाव/प्रबंधन<br>6. अभिलेखों का रखरखाव, मशीनरी, उद्यान उपकरण का उपयोग<br>7. वनस्पति संरक्षण की विधियाँ |
| 3 | **मल्टी टास्किंग स्टाफ (श्रेणी-III)** | ***लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम:***<br>1. सामान्य ज्ञान और करंट अफेयर्स<br>2. सामान्य जागरूकता<br>3. समझ बूझ<br>4. झाड़ू-पोछा, सफ़ाई, चपरासी/परिचारक के कर्तव्यों आदि का ज्ञान<br>5. अभिलेखों का भौतिक रखरखाव<br>***ट्रेड / कौशल परीक्षा:***<br>1. झाड़ू-पोंछा, सफ़ाई, चपरासी/परिचारक आदि कर्तव्यों के साथ ही शारीरिक दक्षता परीक्षण। |

**Sd/-**

**रजिस्ट्रार**

| |
|---|
| **सीधी भर्ती के आधार पर आवेदन पत्र** |

# आवेदन पत्र

**नियमित आधार पर (सीधी भर्ती) ....................................... पद के लिए आवेदन**

| |
|---|
| **पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं** |

1. **नाम** :

2. **पिता/पति का नाम** :

3. **जन्म तिथि** :

4. **आयु (………..तिथि के अनुसार)** : वर्ष…….. महीने………….. दिन…...……..

5. **पत्राचार के लिए पता** :

   a. वर्तमान :

   b. स्थायी :

   c. ईमेल आईडी : 1.
   2.

   d. मोबाइल नंबर :

   e. फोन नंबर. (एसटीडी/आईएसडी कोड) :

**6. शैक्षिक अर्हताएं :-**

(स्व-सत्यापित प्रतियों को संलग्न करें, जिसके बिना आवेदनों की जांच के लिए विचार नहीं किया जाएगा।)

| **अर्हताएं** | **वर्ष** | **विश्वविद्यालय** | **श्रेणी एवं अंकों का प्रतिशत** | **टिप्पणियां (पुरस्कार यदि कोई हो)** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**7. तकनीकी अर्हताएं :-**

(प्रमाणित प्रतियां संलग्न करें)

| **अर्हताएं** | **वर्ष** | **बोर्ड / विश्वविद्यालय** | **श्रेणी एवं अंकों का प्रतिशत** | **टिप्पणियां (पुरस्कार यदि कोई हो)** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**8.** नीचे दी गई तालिका में कालानुक्रमिक क्रम में रोजगार का विवरण। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो एक अलग शीट संलग्न करें, जो आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित हो। (सत्यापित प्रतियां संलग्न करें)

| कार्यालय/संस्थान/ संगठन | पद | से | तक | वेतनमान और उसमें मूल वेतन | किए गए कार्य की जानकारी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**9.** वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या :
अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी :

10. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण :
कृपया बताएं कि क्या आप निम्न के अंतर्गत कार्य कर रहे हैं:-
(संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम इंगित करें)

अ. केंद्र सरकार :
आ. राज्य सरकार :
इ. स्वायत्त संगठन :
ई. सार्वजनिक उपक्रम :
उ. विश्वविद्यालय :
ऊ. अन्य :

11. वर्तमान वेतन और ग्रेड पे / पे बैंड :

12. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहेंगे :
(यह अन्य बातों के साथ इस संबंध में जानकारी प्रदान कर सकता है)
(i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यताएं :
(ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण :
(iii) कार्य अनुभव (निर्धारित से अधिक) :
(यदि स्थान अपर्याप्त हो तो एक अलग शीट संलग्न करें)

13. क्या अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / ओसी / पीएच / भूतपूर्व सैनिक से संबंधित है (प्रमाण संलग्न किया जाना है) (अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थी को आयु में छूट का दावा करने और आरक्षित ओबीसी पद पर विचार करने के लिए भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार नवीनतम जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा) :

14. अभ्युक्तियां
(अभ्यर्थी इसके संबंध में जानकारी दे सकते हैं)
(i) अनुसंधान प्रकाशन और रिपोर्ट एवं विशेष परियोजनाएं :
(ii) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/कार्यालयीन प्रशंसा :
(iii) पेशेवर निकायों/संस्थानों/सोसायटियों से संबद्धता और :
(iv) कोई अन्य जानकारी :
(यदि स्थान अपर्याप्त हो तो एक अलग शीट संलग्न करें):

15. आवेदन शुल्क के भुगतान का विवरण (प्रमाण संलग्न किया जाना है): डीडी मूल या ऑनलाइन लेनदेन भुगतान प्रति।

16. मैं प्रमाणित करता हूं कि ऊपर दिए गए विवरण सही हैं।

दिनांक :
स्थान :

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

यह प्रमाणित किया जाता है कि प्रस्तुत किए गए विवरण सही हैं और अधिकारी के खिलाफ कोई अनुशासनात्मक मामला न तो लंबित है और न ही उस पर विचार किया जाना है और पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर कोई बड़ा या छोटा जुर्माना नहीं लगाया गया है और उसकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।

दिनांक:

**विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर मुहर सहित**

*अनुलग्नक*

| प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन पत्र |
|---|

# आवेदन पत्र

**प्रतिनियुक्ति के आधार पर ............................................... पद के लिए आवेदन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **नाम** | | **पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं** |
| | **मोबाइल नं** | | |
| | **ईमेल** | | |
| 2. | **जन्म तिथि** | | |
| 3. | i) सेवा में प्रवेश की तिथि | | |
| | ii) केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि | | |
| 4. | शैक्षिक अर्हताएं | | |
| 5. | क्या पद के लिए आवश्यक शैक्षिक और अन्य योग्यताएं संतुष्ट हैं। **(यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित अर्हताएं के समकक्ष माना गया है, तो उसके लिए प्राधिकरण बताएं)** | | |

| | | |
|---|---|---|
| | **विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित अपेक्षित अर्हताएं /अनुभव** | **अधिकारी के पास योग्यता/अनुभव** |
| | **अनिवार्य** | **अनिवार्य** |
| | क) अर्हताएं | क) अर्हताएं |
| | ख) अनुभव | ख) अनुभव |
| | **वांछनीय** | **वांछनीय** |
| | क) अर्हताएं | क) अर्हताएं |
| | ख) अनुभव | ख) अनुभव |
| | 5.1 नोट: रोजगार समाचार में परिपत्र जारी करने और विज्ञापन जारी करने के समय **प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग/कार्यालय** द्वारा आरआर में उल्लिखित आवश्यक और वांछनीय योग्यताओं को इंगित करने के लिए इस कॉलम को विस्तारित करने की आवश्यकता है।<br>5.2 स्नातक और स्नातकोत्तर योग्यता के मामले में वैकल्पिक / मुख्य विषयों में एक सहायक विषय **अभ्यर्थी** द्वारा इंगित किया जा सकता है। | |
| 6. | कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा की गई प्रविष्टियों के संबंध में, आप पद के लिए आवश्यक अर्हताएं एवं कार्य अनुभव को रखते हैं। | |
| | **6.1 नोट: प्रतिनियुक्ति पर लेने वाले विभाग आवेदित पद के संदर्भ में अभ्यर्थी (जैसा कि बायोडाटा में दर्शाया गया है) के पास प्रासंगिक आवश्यक अर्हताएं /कार्य अनुभव की पुष्टि करते हुए अपनी विशिष्ट टिप्पणी/विचार प्रदान करते हैं।** | |
| 7. | रोजगार का विवरण, कालानुक्रमिक क्रम। **यदि नीचे दिये गये स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें।** | |

| कार्यालय/संस्थान | नियमित आधार पर धारित पद | से | तक | * नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान | कर्तव्यों की प्रकृति (विस्तार से) जिस पद के लिए आवेदन किया गया है उसके लिए आवश्यक अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

*** महत्वपूर्ण:** एसीपी/एमएसीपी के तहत दिए गए पे-बैंड और ग्रेड पे कार्यालय के लिए व्यक्तिगत हैं और इसलिए इसका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए। केवल नियमित आधार पर धारित पद के वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान का उल्लेख किया जाए। वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड वेतन के साथ एसीपी/एमएसीपी का विवरण जहां अभ्यर्थी द्वारा इस तरह के लाभ प्राप्त किए गए हैं, उन्हें नीचे दर्शाया जा सकता है:

| कार्यालय/संस्थान | एसीपी/एमएसीपी योजना के तहत आहरित वेतन, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन | से | तक |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | वर्तमान नियुक्ति की प्रकृति जैसे. तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी | |
| 9. | यदि वर्तमान नियुक्ति प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर है तो कृपया बताएं | |

| a) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि | b) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि | c) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आवेदक संबंधित है | d) मूल संगठन में मौलिक क्षमता में धारित पद का नाम और पद का वेतन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | |
|---|---|---|
| | **9.1 नोट:** अधिकारी पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर होने के मामले में, ऐसे अधिकारियों के आवेदन मूल संवर्ग/विभाग द्वारा संवर्ग निकासी, सतर्कता निकासी और सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र के साथ अग्रेषित किए जाने चाहिए। | |
| | **9.2 नोट:** उपर्युक्त कॉलम 9(सी) एवं (डी) के तहत सूचना उन सभी मामलों में दी जानी चाहिए जहां एक व्यक्ति संवर्ग/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद धारण कर रहा है लेकिन फिर भी अपने मूल संवर्ग/संगठन में एक ग्रहणाधिकार रखता है। | |
| 10. | यदि आवेदक द्वारा पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारित है, तो अंतिम प्रतिनियुक्ति से वापसी की तिथि एवं अन्य विवरण | |
| 11. | **वर्तमान नियुक्ति के बारे में अतिरिक्त विवरण :**<br>कृपया बताएं कि क्या आप किसके अधीन कार्य कर रहे हैं (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम बताएं)<br>अ. केंद्र सरकार<br>आ. राज्य सरकार<br>इ. स्वायत्त संगठन<br>ई. सरकारी उपक्रम<br>उ. विश्वविद्यालय<br>ऊ. अन्य | |
| 12. | कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में काम कर रहे हैं और फीडर ग्रेड या फीडर से फीडर ग्रेड में हैं | |
| 13. | क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो तारीख बताएं जब से संशोधन हुआ और पूर्व-संशोधित वेतनमान भी बताएं | |

| 14. | प्रति माह कुल परिलब्धियां एवं अब आहरित | |
|---|---|---|
| **पीबी मे मूल वेतन** | **ग्रेड पे** | **कुल परिलब्धियां** |
| | | |

| 15. | यदि आवेदन किसी ऐसे संगठन का है जो केंद्र सरकार के वेतनमान का पालन नहीं कर रहा है, तो निम्नलिखित विवरण दिखाते हुए संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची संलग्न की जा सकती है। | |
|---|---|---|
| वेतनमान और वेतन वृद्धि की दर के साथ मूल वेतन | महंगाई भत्ते / अंतरिम भत्ते /अन्य भत्ते आदि (अलग-अलग विवरण के साथ) | कुल वेतन |
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| 16. | **अ) अतिरिक्त जानकारी**, पद के लिए आपकी उपयुक्तता के समर्थन में आपके द्वारा आवेदन किए गए पद से संबंधित, यदि कोई हो<br>(इसके अलावा उपर्युक्त के संबंध में (i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता, (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और, (iii) कार्य अनुभव एवं रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित जानकारी प्रदान कर सकते है)<br>(नोट: यदि स्थान पर्याप्त न हो तो अलग शीट संलग्न करें) | |
| | **आ) उपलब्धियॉ**<br>अभ्यर्थी से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के संबंध में जानकारी इंगित करें:<br>(i) अनुसंधान प्रकाशन एवं रिपोर्ट और विशेष परियोजनाएं<br>(ii) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा<br>(iii) पेशेवर निकायों/संस्थानों/सोसायटियों से संबद्धता<br>(iv) स्वयं के नाम पर पंजीकृत या संगठन के लिए प्राप्त पेटेंट<br>(v) कोई भी अनुसंधान/अभिनव उपाय जिसमें आधिकारिक मान्यता शामिल हो<br>(vi) कोई अन्य जानकारी<br>**(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त हो तो एक अलग शीट संलग्न करें)** | |
| 17. | कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी)/आमेलन/पुनर्रोजगार आधार के लिए आवेदन कर रहे हैं। #(केंद्र/राज्य सरकारों के अधीन अधिकारी ही "आमेलन" के लिए पात्र हैं। गैर-सरकारी संगठनों के अभ्यर्थी केवल अल्पावधि अनुबंध के लिए पात्र हैं) | |
| | #(एसटीसी/आमेलन/पुनर्रोजगार का विकल्प केवल तभी उपलब्ध है जब रिक्ति परिपत्र में विशेष रूप से "एसटीसी" या "आमेलन" या "पुनर्रोजगार" द्वारा भर्ती का उल्लेख किया गया हो। | |
| 18. | क्या एससी/एसटी से संबंधित है | |
| 19. | आवेदन शुल्क के भुगतान का विवरण (प्रमाण संलग्न किया जाना है): मूल डीडी या ऑनलाइन लेनदेन भुगतान प्रति। | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया है और मुझे अच्छी तरह से पता है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत आवश्यक योग्यता/कार्य अनुभव के संबंध में दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित बायोडाटा में दी गई जानकारी का भी चयन समिति द्वारा उस समय मूल्यांकन किया जाएगा। पद के चयन के संबंध में मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी/विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही और सत्य है और मेरे चयन पर असर डालने वाले किसी भी भौतिक तथ्य को छुपाया/रोका नहीं गया है।

**(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)**

पता: ________________________

दिनांक : ____________

## कर्मचारी / संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा प्रमाणन

आवेदक द्वारा उपर्युक्त आवेदन में दी गई जानकारी/विवरण रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही है। उनके पास रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शिक्षा योग्यता और अनुभव है। यदि चयनित होता है, तो उसे तुरंत कार्यभार मुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि :

I. श्री / श्रीमती.................. के खिलाफ कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित / विचाराधीन नहीं है।

II. उनका सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

III. उनका सीआर डोजियर मूल रूप से संलग्न है / भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर के रैंक के एक अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से पिछले 5 वर्षों के एसीआर की फोटोकॉपी संलग्न है।

IV. पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ा/छोटा जुर्माना नहीं लगाया गया है या पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाए गए बड़े/छोटे दंडों की सूची संलग्न है। (कोई भी मामला हो सकता है)

प्रतिहस्ताक्षरित

________________________

(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी मुहर सहित)